# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (23.03.2025)**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:23.03.2025, PAGE-06

# 'एक देश एक चुनाव से कोष बचेगा'

- बीआरएबीयू के सीनेट हॉल में हुआ परिचर्चा का आयोजन
- भारत के 45 राजनीतिक दलों में 30 दल इसके पक्ष में

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। एक देश एक चुनाव जनता के हित में है, परंतु इसमें जोड़ी जाने वाली धारा 322ए खतरनाक है। यह चुनाव आयोग को बचे हुए चुनाव कार्यकाल के चुनाव कराने की असीमित शक्ति देता है। दो तिहाई बहुमत के लिए 363 सदस्य चाहिए, लेकिन एनडीए के पास 293 है, जिसे पारित कराना मुश्किल है। अन्य दलों का सहयोग भी जरूरी है। ये बातें शनिवार को बीआरए बिहार विवि में आयोजित परिचर्चा में मुख्य वक्ता प्रो. अरूण कुमार सिंह ने कही।

वन नेशन वन इलेक्शन पर विवि के सीनेट हॉल में परिचर्चा में बुद्धिजीवि शामिल हुए। एलएस कॉलेज के शिक्षक डॉ. राजेश्वर परासर ने कहा कि भारत के 45 दलों में 30 दल इसके पक्ष और 15 दल खिलाफ हैं। विपक्ष जिस क्षेत्रीय मुद्दे की गौण होने की बात करता है, वैसे क्षेत्रीय मुद्दे वाला तमिलनाडु इसके पक्ष मे है। सभी सरकारी कर्मचारी वर्ष भर किसी न किसी चुनाव में व्यस्त रहते हैं, जिससे उनके समय और श्रम की बर्बादी होती है। आरडीएस कॉलेज के राजनीतिशास्त्र के शिक्षक रजनीकांत पांडे ने कहा कि नीति आयोग के अनुसार




सीनेट हॉल में शनिवार को आयोजित परिचर्चा में मंचासीन अतिथि।

एक देश एक चुनाव कराने पर 45 सौ करोड़ रूपये बचेंगे। मुद्रास्फीति लगभग डेढ़ प्रतिशत कम होगी और 5 सालों मे 350 दिन की बचत होगी। भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि पीएम मोदी की दूरदर्शिता सोच का परिणाम वन नेशन वन इलेक्शन है। भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी ने कहा कि वन इलेक्शन से देश का पैसा, लोगों का समय और निर्माण कार्य बाधित नहीं होगा। कार्यक्रम का विषय प्रवेश एवं संचालन संयोजिका प्राचार्य डॉ. ममता रानी ने किया। अध्यक्षता विष्णुकांत झा ने की। धन्यवाद ज्ञापन आरएसएस विभाग संघचालक चंद्रमोहन खन्ना चन्नी ने किया। इस दौरान विवि डीन डॉ. शिवानंद सिंह, डॉ. संगीता रानी, अध्यक्ष छात्र कल्याण आलोक प्रताप सिंह, कुलसचिव संजय सिंह, सीसीडीसी मधु सिंह, डॉ. संजय, डॉ. संगीता, पूर्व विधायक बेबी कुमारी, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रभात मालाकार, मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN
MUZAFFARPUR
DATE:23.03.25
PAGE-06

# तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा अगले माह

मुजफ्फरपुर। विवि में शनिवार को रजिस्ट्रार प्रो. संजय कुमार ने परीक्षाओं को समय पर कराने के लिए परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान और अन्य कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में स्नातक तीसरे सेमेस्टर सत्र 2023-27 की परीक्षा का शेड्यूल तय किया गया। परीक्षा अप्रैल के पहले सप्ताह से तीसरे सप्ताह तक चलेगी। परीक्षा में 1 लाख 10 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए 50 से अधिक केंद्र बनाए जाएंगे।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 23.03.2025, PAGE-04

# एक देश एक चुनाव कराने से 45 सौ करोड़ रुपये की होगी बचत




सीनेट हाल में सेमिनार को संबोधित करते रजिस्ट्रार प्रो.संजय कुमार • जागरण



सीनेट हाल में सेमिनार में उपस्थित शिक्षक • जागरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में शनिवार को वन नेशन वन इलेक्शन पर शहर के बुद्धिजीवियों के बीच परिचर्चा हुई। मुख्य वक्ता प्रो.अरुण कुमार सिंह ने कहा एक देश एक चुनाव जनता के हित में है, लेकिन इसमें जोड़े जाने वाली धारा 322-ए खतरनाक है क्योंकि चुनाव आयोग को बचे कार्यकाल के चुनाव कराने की असीमित शक्ति देता है। दो तिहाई बहुमत के लिए 363 सदस्य चाहिए, मगर एनडीए के पास 293 हैं जिसे पारित कराना मुश्किल है। अन्य दलों का सहयोग भी जरूरी है। आरडीएस कालेज के राजनीतिशास्त्र के शिक्षक रजनीकांत पांडे ने कहा कि नीति आयोग के अनुसार एक देश एक चुनाव कराने पर 45 सौ करोड़ रुपये बचेंगे। मुद्रास्फीति लगभग डेढ़ प्रतिशत कम होगी और पांच सालों में 350 दिन की बचत होगी।

एलएस कालेज के शिक्षक डा.राजेश्वर परासर ने कहा कि भारत के 45 दलों में 30 इसके पक्ष और 15 खिलाफ हैं। विपक्ष अक्सर ऐसा होने से क्षेत्रीय मुद्दा गौण होने की बात करता है, लेकिन क्षेत्रीय मुद्दे वाला तमिलनाडु इसके पक्ष में है। सभी सरकारी कर्मचारी वर्षभर किसी न किसी चुनाव में व्यस्त रहते हैं, जिससे उनके समय और श्रम की बर्बादी होती है। भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि पीएम मोदी की दूरदर्शिता सोच का परिणाम वन नेशन वन इलेक्शन है। भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी ने कहा वन इलेक्शन से देश का पैसा, लोगों का समय और निर्माण कार्य बाधित नहीं होगा। कुलसचिव प्रो.संजय कुमार ने भी अपने विचार रखे। विषय प्रवेश एवं संचालन संयोजिका प्राचार्य डा.ममता रानी ने किया। अध्यक्षता विष्णुकांत झा ने और धन्यवाद ज्ञापन आरएसएस विभाग संघचालक चंद्रमोहन खन्ना चन्नी ने किया। मौके पर विश्वविद्यालय के साइंस डीन डा.शिवानंद सिंह, डा.संगीता रानी, अध्यक्ष छात्र कल्याण आलोक प्रताप सिंह, सीसीडीसी डा.मधु, डा.संजय, डा.संगीता, पूर्व विधायक बेबी कुमारी, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रभात मालाकार, मनोज तिवारी, अशोक झा, इंदिरा सिंह, रविशंकर कुशवाहा आदि मौजूद थे।

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:23.03.2025, PAGE-04

# 'वन नेशन, वन इलेक्शन से देश का कोष व समय बचेगा'




सीनेट हॉल में वन नेशन वन इलेक्शन पर सेमिनार को संबोधित करते रजिस्ट्रार.

□ बीआरएबीयू के सीनेट हॉल में परिचर्चा का आयोजन

**उपमुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू के सीनेट हॉल में शनिवार को वन नेशन वन इलेक्शन पर परिचर्चा हुई.मुख्य वक्ता प्रो अरूण कुमार सिंह ने कहा कि एक देश एक चुनाव जनता के हित में है, लेकिन इसमें जोड़े जाने वाली धारा 322 ए खतरनाक है, क्योंकि चुनाव आयोग को बचे हुए चुनाव कार्यकाल में चुनाव कराने की असीमित शक्ति देता है. दो तिहाई बहुमत के लिए 363 सदस्य चाहिये, मगर एनडीए के पास 293 है, जिसे पारित कराने के लिये अन्य दलों का सहयोग भी जरूरी है. एलएस कॉलेज के शिक्षक डॉ राजेश्वर कुमार ने कहा कि भारत के 45 दलों में 30 दल इसके पक्ष और 15 दल खिलाफ है और विपक्ष जिस क्षेत्रीय मुद्दे की गौण होने की बात करता है, वैसे क्षेत्रीय मुद्दे वाला तमिलनाडु इसके पक्ष में है. सभी सरकारी कर्मचारी वर्ष भर किसी न किसी चुनाव में व्यस्त रहते है जिससे उनके समय और श्रम की बर्बादी होती है. आरडीएस कॉलेज के राजनीति शास्त्र के शिक्षक रजनीकांत पांडेय ने कहा कि नीति आयोग के अनुसार एक देश एक चुनाव कराने पर 45 सौ करोड़ बचेंगे. मुद्रास्फीति लगभग डेढ़ प्रतिशत कम होगी और पांच सालों में 350 दिन की बचत होगी. भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम वन नेशन वन इलेक्शन है. भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी ने कहा कि वन इलेक्शन से देश का पैसा, लोगों का समय और निर्माण कार्य बाधित नहीं होगा. कार्यक्रम का विषय प्रवेश व संचालन संयोजिका प्राचार्य डॉ ममता रानी, अध्यक्षता विष्णुकांत झा व धन्यवाद ज्ञापन आरएसएस विभाग संघचालक चंद्रमोहन खन्ना चन्नी ने किया. इस मौके पर डीन डॉ शिवानंद सिंह, डॉ संगीता रानी, अध्यक्ष छात्र कल्याण आलोक प्रताप सिंह, कुलसचिव संजय सिंह, सीसीडीसी मधु सिंह, डॉ संजय, डॉ संगीता, पूर्व विधायक बेबी, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रभात मालाकार, मनोज तिवारी, अशोक झा, रविशंकर कुशवाहा, इंदिरा सिंह सहित अन्य मौजूद रहे.